**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**25.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री – संविधान हत्या दिवस**

देश में आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वालों को सलाम किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक के पचास साल पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिन भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया। प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। इस बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी आज ही के दिन वर्ष 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल की निंदा की है।

*25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया था और देश के संविधान की हत्या कर दी थी। रातों–रात प्रेस की बिजली काटी गई सारे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया प्रेस की आजादी छीन ली गई आर्टिकल 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रोंधा गया संसद और न्यायपालिका को अपंग बना दिया गया 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिक्ता के साथ जी रही है, उसकी नियत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है।*

------------------------------------------------------------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से 12 ई–स्कूटरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ई–स्कूटर राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किए गए हैं जो 8 जिलों में तैनात किए जाएंगे। इनका उद्देश्य घर–द्वार के समीप एच.आई.वी., एस.टी.आई., टी.बी. और हैपेटाईटिस से ग्रसित मरीजों की जांच, दवाईयां व परामर्श सुविधा उपलब्ध कराना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एड्स के मरीजों को बेहतर ईलाज की सुविधा प्रदान कर रही है और इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

------------------------------------------------------------

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य मंत्रिमण्डल के जल्द विस्तार के संकेत दिए हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही मंत्रिमण्डल का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने प्रतिभा सिंह के कांग्रेस अध्यक्ष बने रहने की वकालत करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के रूप में बेहतर कार्य किया है।

*संगठन के रूप में मैं यही कह सकता हूं कि प्रतिभा सिंह जी ने अच्छा कार्य किया है और प्रतिभा सिंह जी अगर अध्यक्ष रहते हैं तो मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं। मंत्रिमंडल का विस्तार आने वाले समय में किया जाएगा। निश्चित तौर पर जब भी सक्सेसिव गवर्नमेंट्स रहती है तो मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाता है और मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए उचित समय पर आपको भी बता देंगें।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबीएमबी की परियोजनाओं में प्रदेश के अधिकार का मुद्दा केन्द्र सरकार से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय ने भी हिमाचल के हक में फैसला सुनाया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बीबीएमबी की परियोजनाओं में हिमाचल सरकार 12 फीसदी निशुल्क रॉयल्टी की लड़ाई लड़ रही है।

---

**जीवन प्रमाण पत्र**

राज्य सरकार के सभी पैंशन भोगी वर्ष 2025–26 के लिए अपना जीवन प्रमाण पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहली जुलाई से 30 सितम्बर तक अपने निकटतम कोषागार कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

---